




आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-253 ● कटनी ● रविवार, 17 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष -12 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



हर पल रहें
ताजा तरीन खबरों के
साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in



20-20 विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर


## चीन की महाविनाशक मिसाइल का परीक्षण

**बीजिंग** दुनिया में महाशक्तिशाली बनने के लिए चीन हमेशा कोई न कोई गुप्त परीक्षण करता आया है। लेकिन इस बार चीन अपने मिशन को छुपा नहीं सका। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ड्रैगन ने अगस्त के महीने में महाविनाशक हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया था जिसका खुलासा अब हुआ है। ये मिसाइल परमाणु क्षमता वाली मिसाइल है। चीन की तरह अंतरिक्ष से मिसाइल दागने की क्षमता अभी किसी देश के पास नहीं है। चीन के इस कदम पर कई बड़े देशों ने चिंता जताई है। समाचारपत्र फाइनेंशियल टाइम्स की शनिवार की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने अगस्त में एक परमाणु-सक्षम मिसाइल लॉन्च की, जिसने अपने लक्ष्य की ओर उतरने से पहले लो ऑर्बिट में पृथ्वी का चक्कर लगाया। यह मिसाइल अपने टार्गेट से ×2 किलोमीटर तक दूर गई।अखबार ने कई खुफिया सूत्रों के हवाले से बताया कि चीन ने अपने हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल को लॉन्ग मार्च रॉकेट से भेजा था।



### चीन के परीक्षण से अमेरिका हैरान

खबर में कहा गया है कि चीन के हाइपरसोनिक मिसाइल के इस परीक्षण से अमेरिकी खुफिया एजेंसियां भी हैरान है। इस पूरे मामले में अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि चीन का यह कदम दहशत फैलाने के लिए है। इसी वजह से हम चीन को अपने लिए नंबर एक की चुनौती मानते हैं। अमेरिकी अधिकारी ने भी माना कि चीन ने हाइपरसोनिक हथियारों पर आश्चर्यजनक प्रगति की है जो कि अमेरिका की तुलना में कहीं 'यादा उन्नत है।

### जानिए मिसाइल की खूबी

फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक चीन के अलावा केवल रूस और अमेरिका ही हाइपरसोनिक ग्लाइड वाहन विकसित कर रहे थे। लेकिन इनसब में चीन सबसे आगे है। इस मिसाइल को ट्रैक करना मुश्किल है। ये मिसाइलें रॉकेट से लॉन्च किए जाते हैं और फिर अपनी गति से पृथ्वी की परिक्रमा करते हैं। इसकी स्पीड साउंड की रफ्तार से 5 गुना 'यादा होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अमेरिकी सेना के लिए एक बड़ी चुनौती होगी ।

## केरल में बारिश से भारी तबाही, बाढ़ और भूस्खलन में 18 की मौत



**तिरूअनंतपुरम।** केरल में बारिश ने भारी तबाही मचाई है। अब तक 18 लोगों के मारे जाने और दर्जनों के घायल होने की सूचना है। भूस्खलन के कारण भी मौतें हुई हैं। एक दर्जन लोग लापता हो गए हैं।पलक्कड़ के चुलियार और त्रिशूर जिले के पीची के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, पठानमथिट्टा, त्रिशूर और मलप्पुरम जिलों में एनडीआरएफ की एक-एक टीम पहले ही तैनात की जा चुकी है। केरल सरकार की मांग पर बाढ़ से पैदा हुए हालात से निपटने के लिए सुरक्षा बल प्रभावित इलाकों में पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मौजूदा स्थिति को गंभीर बताया है। मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के आधार पर यह भी संभावना जताई गई है कि अभी स्थिति और नहीं बिगड़ेगी। अत्यधिक बारिश से बने हालात में कई लोगों के घायल होने की खबर है।

## फटाफट खबरें



### भितरवार में खेत में पानी देने गए दो युवकों की करंट लगने से मौत

ग्वालियर। ग्वालियर जिले के भितरवार थाना क्षेत्र के ग्राम गड़ाजर में खेत पर काम कर रहे दो युवकों की करंट लगने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने के 3 घंटे गुजरने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इस घटना में एक 25 वर्षीय युवक दूसरा 18 वर्षीय युवक की मौत हुई है, रिश्ते में दोनों भाई हैं। जानकारी के अनुसार दोनों युवक रात 9 बजे घर से निकले थे। बताया जाता है कि युवक खेतों पर रबी सीजन की तैयारी करने खेतों में पानी देने गए थे। परिजनों को सुबह पता चला। मृतक युवक हेतराम कुशवाह 28 वर्ष पुत्र बालाराम कुशवाह और विष्णु कुशवाह 19 वर्ष पुत्र उत्तम सिंह कुशवाह की मौत के बाद गांव में मातम पसरा है।

### कांग्रेस के दिग्गज नेता महिपाल मदेरणा का निधन

जोधपुर। राजस्थान की राजनीति में कांग्रेस के मजबूत नेता रहे और किसानों के मसीहा के नाम से पहचाने जाने वाले महिपाल मदेरणा का रविवार तड़के निधन हो गया। वह 69 साल के थे, और पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित है। मदेरणा का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव चाडी में किया जाएगा। महिपाल मदेरणा गहलोत सरकार में जल संसाधन मंत्री भी रहे थे लेकिन भंवरी देवी अपहरण और हत्या मामले में उनका नाम आने के बाद उन्हें मंत्री पद से हटा दिया गया था जिसके बाद सीबीआई मैं मामले में उन्हें मुख्य आरोपी बताकर गिरफ्तार किया था।

### औरंगाबाद में बीए की छात्रा का अपहरण कर किया सामूहिक दुष्कर्म

औरंगाबाद। बिहार के औरंगाबाद में 20 वर्षीय छात्रा का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में पीड़िता को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबकि, शनिवार रात छात्रा पड़ोस में रहने वाली दोस्त के घर जा रही थी, इसी दौरान युवक ने उसे अगवा कर कार में बैठा लिया। इसके बाद सुनसान जगह पर ले जाकर अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद तीनों आरोपी छात्रा को झाड़ी में फेंककर फरार हो गए। पेट्रोलिंग पर निकली पुलिस ने लड़की के रोने की आवाज सुन, गंभीर हालत में पीड़िता को अस्पताल में भिजवाया।






## कांग्रेस नेता का आरोप: दक्षिण एशिया में बड़ा इस्लामिक एजेंडा काम कर रहा

### मनीष तिवारी ने पूछा-हिंदुओं की हत्या और जवानों की शहादत में है कोई लिंक?

**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश से लेकर कश्मीर तक में गैर मुसलमानों की हत्या और निशाना बनाने का मामला दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। हाल ही में कश्मीर से लेकर बांग्लादेश में हिंदुओं को टारगेट करने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। कश्मीर में निर्दोष हिंदुओं की जान ली जा रही है। इन घटनाओं को लेकर जहां सरकार चिंतित है, वहीं, कांग्रेस के एक सांसद ने भी सवाल खड़े किए हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारों और जम्मू कश्मीर में गैर मुसलमानों की हत्या और जवानों की शहादत को लेकर




कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने सवाल खड़े किए हैं। रविवार को सुबह-सुबह कांग्रेस नेता तिवारी ने ट्वीट कर सवाल उठाया कि दक्षिण एशिया में बड़ा इस्लामिक एजेंडा काम कर रहा है मनीष तिवारी ने ट्वीट किया क्या कश्मीर में हो रही गैर-मुसलमानों की हत्या, बांग्लादेश में हो रही हिंदुओं की हत्या और पुंछ में 9 जवानों की शहादत के बीच कोई लिंक है? शायद ऐसा है। दक्षिण एशिया में एक बड़ा इस्लामिक एजेंडा काम कर रहा है।

#### हफ्तेभर में 9 जवान शहीद हो गए

जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ समय से गैर मुसलमानों को टारगेट करने का मामला बढ़ा है। इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि हफ्तेभर में नौ जवान शहीद हो गए हैं। इसके अलावा कई अन्य निर्दोष हिंदुओं को निशाना बनाया गया है।

### बुर्का उतार चेहरा दिखाने के लिए किया मजबूर



मध्य प्रदेश के भोपाल में शनिवार दोपहर लोगों के एक समूह ने एक लड़की को अपना बुर्का उतारने और चेहरा दिखाने के लिए मजबूर किया। पुलिस ने कहा कि इन लोगों को संदेह था कि जिस व्यक्ति के स्कूटर पर वह पीछे बैठी थी, वह हिंदू था। इस घटना का एक वीडियो जल्द ही वायरल हो गया। इस्लाम नगर में हुई घटना के संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। लेकिन दो लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई है। वीडियो में एक युवक को लड़की से यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उसका ये काम उसके समुदाय को अपमानित कर रहा है। जबकि कुछ महिलाओं को उसे अपना चेहरा दिखाने के लिए मजबूर करने की कोशिश की।

### दुर्गा विसर्जन कर लौट रहे लोगों पर बम से हमला



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर से बड़ी वारदात सामने आई है। यहां शनिवार रात दुर्गा विसर्जन कर घर लौट रही भीड़ पर एक अज्ञात समूह ने देसी बम से हमला कर दिया गया। बम की आवाज सुनते ही अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद लोगों की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। यह हमला उस वक्त हुआ जब दुर्गापुर के अन्नपूर्णा इलाके में लोग दुर्गा विसर्जन करके लौट रहे थे। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, हमलावर हमला के बाद मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया और घायलों को अस्पताल भेजा। एसीपी ध्रुबज्योति मुखर्जी का कहना है कि इस हमले में कुछ लोगों को चोटें आई हैं, जिनका इलाज करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमलावरों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। सभी फरार हैं। उन्हें चिह्नित करने के लिए पुलिस टीमें बनाई गई हैं। जल्द ही गिरफ्तारी कर कार्रवाई की जाएगी।

### बसपा नेता का पाक कनेक्शन उजागर



फिरोजपुर(पंजाब) पुलिस ने बसपा नेता दीदार सिंह से 34 करोड़ रुपये की हेरोइन पकड़े जाने पर अदालत से दो दिन का पुलिस रिमांड लिया था। पूछताछ दौरान उक्त आरोपी से पुलिस को अहम जानकारियां मिली है, जिसका पुलिस जल्द ही खुलासा करेगी। उल्लेखनीय है कि उक्त आरोपी की निशानदेही पर सरहद स्थित बीएसएफ की टापू चौंकी के नजदीक लगी फेंसिंग पार खेत से एक प्लास्टिक की बोरी में छह किलो 610 ग्राम हेरोइन मिली थी, जो आरोपी ने पाकिस्तानी तस्करों से मंगवाई थी। पाक नशा तस्करों से उसके संबंध बताए जा रहे हैं।

## पाक खिलाड़ियों को मिलने लगी धमकियां, हारे तो खैर नहीं



दुबई (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप का आगाज रविवार, 17 अक्टूबर से हो रहा है। 22 अक्टूबर तक राउंड 1 के मैच खेल जाएंगे, इसके बाद दिग्गज टीमो की भिड़ंत होगी। भारत का पहला मुकाबला 24 अक्टूबर को पाकिस्तान से है। इस बीच, पाकिस्तान से खबर है कि यहां क्रिकेट प्रेमियों को एक बार फिर भारत से हार का डर सताने लगा है। यही कारण है कि खिलाड़ियों को धमकियां दी जा रही हैं कि यदि इस बार भी भारत से हार तो घर नहीं लौटने देंगे। पाकिस्तान खेल प्रेमियों के ऐसे कई मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। बता दें, विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड 100त्न रहा है यानी पाकिस्तान एक भी मैच भारत से नहीं जीत पाया है।


पेज 7 पर भी


## भोपाल में विसर्जन जुलूस में घुसी तेज रफ्तार कार, 4 घायल



भोपाल, (एजेंसी)। शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र में शनिवार रात करीब 11.30 बजे विसर्जन के लिए जा रही दुर्गा माता की झांकी में एक तेज रफ्तार कार घुस गई। कार की चपेट में आकर चल समारोह में शामिल एक लड़का गंभीर रूप से घायल हुआ। बताया जाता है कि आक्रोशित लोगों से बचने के लिए चालक ने कार को रिवर्स करके तेजी से निकाला, इससे उसकी चपेट में आकर तीन अन्य लोग भी घायल हो गए। इसके बाद भीड़ ने जमकर हंगामा किया और कुछ देर के लिए रास्ता जाम कर दिया। पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर प्रतिमा विसर्जन के लिए झांकी को रवाना किया। हाल ही में छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में ऐसी ही घटना सामने आई थी, जिसमें एक तेज रफ्तार कार ने जुलूस में लोगों को कुचल दिया था।

### सीएम योगी आदित्यनाथ की दो टूक

## यूपी में फसाद किया तो सात पीढ़ियां मुआवजा भरेंगी



**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में पिछले साढ़े चार साल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। पहले प्रदेश की पहचान ही दंगा थी क्योंकि सरकारें दंगाइयों को प्रश्रय देती थीं। दंगों से प्रदेश की जनता प्रताड़ित थी, जो मूर्ति बनाता था, उसकी मूर्ति नहीं बिकती थी, जो दिया बनाता था उसके दिये तोड़ दिए जाते थे। उसके बाद पर्व-त्यौहार को अंधेरे में धकेल दिया जाता था विगत साढ़े चार वर्षों में देखा होगा कि उत्तर प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने दंगाइयों को पहले दिन से ही संदेश दे दिया गया था कि अगर दंगा करोगे तो अगली सात पीढ़ियों का पट्टा लिखकर के जाना जो भरपाई करते रहेंगे। अब दंगा नहीं हो सकता प्रदेश में, प्रदेश में पर्व-त्यौहार खुशी से मनाया जा रहा है।

### मध्य प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश के आसार

**भोपाल।** बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र आंध्र कोस्ट के आसपास सक्रिय है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इस सिस्टम के असर से मध्यप्रदेश में कुछ स्थानों पर बौछारें पड़ने लगी हैं। रविवार को भोपाल, इंदौर, होशंगाबाद, जबलपुर, रीवा, शहडोल संभागों के जिलों में कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक जबलपुर में 1.2 मिलीमीटर बारिश हुई। अलग-अलग स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ीं।

## महिला के सिर में ढाई इंच धंसी कुल्हाड़ी

### चार घंटे की मेहनत के बाद डाक्टरों ने निकाला



**भोपाल।** विदिशा के सिरोंज तहसील के पास एक गांव की रहने वाली 36 साल की रेखा दांगी को विवाद के चलते एक शख्स ने कुल्हाड़ी मार दी। कुल्हाड़ी उनके सिर में करीब ढाई इंच धंस गई। महिला के घर वालों ने समझदारी दिखाते हुए कुल्हाड़ी निकाले बिना ही उसे भोपाल के नर्मदा ट्रामा सेंटर लेकर आए! यह हां छह डॉक्टरों की टीम ने करीब चार घंटे तक सर्जरी कर महिला की कुल्हाड़ी निकाली। महिला की हालत अब खतरे से बाहर है। नर्मदा ट्रामा सेंटर के संचालक डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि महिला को अति गंभीर हालत में लाया गया था। कुल्हाड़ी सिर में उस जगह धंसी थी, जहां से पूरे शरीर की सोचने और समझने की क्षमता होती है। ऐसे में अगर घरवाले कुल्हाड़ी निकालने की कोशिश करते तो खून का रिसाव बहुत ज्यादा होने से महिला की जान भी जा सकती थी। साथ ही याददाश्त जाने का भी खतरा था। ऑपरेशन के दौरान इस बात का ध्यान रखा गया कि खून का बहाव कम से कम हो।

## अफगान मुद्दे पर दिल्ली में होगी एनएसए की बैठक



नई दिल्ली, (एजेंसी)। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार बनने के बाद से अमेरिका,रूस और चीन जैसे कई बड़े देशों की बैठक लगातार जारी है। इसी क्रम में अब भारत भी दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारो की बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में पाकिस्तान और रूस को भी आमंत्रित किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तानी सूत्रों ने भी पुष्टि की है कि पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद यूसुफ को पिछले हफ्ते निमंत्रण मिला। इन दो देशों के अलावा चीन, ईरान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान को भी आमंत्रित किया है। इस बैठक की अध्यक्षता एनएसए अजीत डोभाल करेंगे।


### राज्य शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत दो पदों पर होगी भर्तियां

## दीनदयाल योजना के लिए सरकारी नौकरियां



**भोपाल।** दीनदयाल अंत्योदय योजना- राज्य शहरी आजीविका मिशन मध्य प्रदेश के अंतर्गत तकनीकी विशेषज्ञ (सिटी मिशन मैनेजर) एवं सामुदायिक संगठक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए वैकेंसी ओपन की है। यह सरकारी नौकरी संविदा के आधार पर होगी। जॉब नोटिफिकेशन में तकनीकी विशेषज्ञ के 69 एवं सामुदायिक संगठक के 460 पद रिक्त बताए गए हैं। तकनीकी विशेषज्ञ के लिए मास्टर ऑफ सोशल वर्क अथवा मास्टर ऑफ आर्ट्स अर्थशास्त्र या फिर समाजशास्त्र अथवा मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन। इन तीनों में से किसी एक के साथ यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर में सामुदायिक संगठक के लिए किसी भी शासकीय मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन एवं कंप्यूटर में DCA/PGDCA होना अनिवार्य है। तकनीकी विशेषज्ञ के लिए 30000 एवं सामुदायिक संगठक के लिए 12000 मासिक वेतन निर्धारित किया गया है। आयु सीमा 21 से 30 वर्ष। परीक्षा केंद्र भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर एवं सतना में निर्धारित किए गए हैं। भर्ती अधिसूचना एमपी ऑनलाइन के माध्यम से जारी की गई। उम्मीदवार आवेदन करने से पहले mponline.gov.in पर जानकारी ली जा सकती है।

## एमपी में लूटे 7 करोड़ कीमती मोबाइल



**ग्वालियर।** सवारी बनकर बैठे दो बदमाशों ने चालक को बंधक बनाकर करीब सात करोड़ रुपये के मोबाइल से भरा कैंटर लूट लिया। चालक को मारपीट कर बदमाश मध्य प्रदेश के सोमरसा श्योपुर के पास फेंक गए। बाद में बदमाशों ने कैंटर खाली कर उसे वहीं छोड़ दिया। घटना पांच अक्टूबर की है। शुक्रवार को कंपनी के मैनेजर ने फरह(मथुरा) थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ओप्पो कंपनी के मैनेजर सचिन मानव ने रिपोर्ट में कहा है कि फर्रुखाबाद जिले के मानिकपुर गांव निवासी चालक मुनीष यादव मोबाइल से भरे कैंटर को लेकर पांच अक्टूबर की सुबह सात बजे ग्रेटर नोएडा से बेंगलुरू के लिए निकला था। फरह थाना क्षेत्र के ग्वालियर बाइपास से दो बदमाश सवारी बनकर कैंटर में बैठ गए। पांच अक्टूबर की ही रात करीब दस बजे बबीना(झांसी) टोल क्रास करने के बाद बदमाशों ने चालक मुनीष पर चादर डाल दी और उसके सिर पर तमंचे की बट मार दी। चालक को बंधक बनाकर मध्य प्रदेश के मानपुर थाना क्षेत्र के गांव सोमरसा जिला श्योपुर में फेंक गए और कैंटर लेकर भाग गए। सचिन मानव ने बताया कि कैंटर में रियलमी और ओप्पो कंपनी के 8990 मोबाइल थे।बदमाश मोबाइल उतारने के बाद खाली कैंटर सोमरसा क्षेत्र में ही छोड़कर भाग गए। कैंटर अभी मानपुर पुलिस के कब्जे में है। घटना की शुरुआत फरह थाने से होने के कारण मानपुर में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।




कटनी, जबलपुर, भोपाल, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित



# ट्रेनें शुरू कर सुविधाओं पर ध्यान नहीं दे रहा रेलवे

## कटनी जंक्शन के एक्सक्लेटर को उद्घाटन का इंतजार

## रेलवे की यात्री सुविधाओं के दावों पर लग रहा सावलिया निशान

कटनी। कोविड-19 संक्रमण के दौरान ऐसा पहली बार हुआ जब डेढ़ साल से ज्यादा समय तक यात्री ट्रेनें बंद रही। इस दौरान यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए लेकिन ट्रेनें जब चालू हुई तो कई बार दावों के विपरीत हकीकत सामने आई। मुख्य रेलवे स्टेशन पर बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए दो माह से बनकर तैयार स्वचलित सीढ़ी (एक्सक्लेटर) को चालू नहीं किया जा सका है। शनिवार दोपहर प्लेटफार्म क्रमांक 5 पर खड़ी ट्रेन से उतरकर प्लेटफार्म क्रमांक एक पर आने वाले यात्रियों ने बताया कि रेलवे ने कुछ एक पैसेंजर ट्रेनों को छोड़कर इस स्टेशन पर लगभग सभी ट्रेनें चला दी है। कोरोना संक्रमण के बाद सभी ट्रेनें स्पेशल बनकर चल रही हैं और इसमें किराया भी ज्यादा लग रहा है। इसके बाद भी यात्री सुविधाओं का आलम यह है कि दो माह से स्टेशन पर बनकर तैयार एक्सक्लेटर को चालू नहीं किया जा रहा है। इसके चालू नहीं होने से सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों को हो रही है। इस पूरे मामले को लेकर पश्चिम मध्य रेलवे के सीपीआरओ राहुल जयपुरियार का कहना है कि एक्सक्लेटर चालू करने के लिए रेलवे बोर्ड को पत्र भेजा गया है। अनुमति मिलते ही यात्रियों के लिए सुविधा प्रारंभ होगी।

### बार-बार सीढ़ी चढ़ना उतरना पड़ रहा भारी




कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन में कई बार यात्री फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) पर ही खड़े रहकर ट्रेन का इंतजार करने विवश रहते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां ट्रेनें कब किस प्लेटफार्म पर आ जाए कोई भरोसा नहीं रहता। कई बार तो ट्रेन आने के पांच मिनट पहले ही जानकारी मिलती है इसलिए यात्री एफओबी पर खड़े रहकर घोषणा का इंतजार करते हैं।

### पैसे से पानी खरीदने विवश यात्री



कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर दो-तीन पर मझगवां की ओर लगी ठंडा पेयजल मशीन बंद है। यहां ट्रेनें खड़ी होने के बाद यात्री मशीन तक पहुंचते हैं और पानी नहीं मिलने के बाद मायूस लौटकर पैसे से पानी खरीदने विवश रहते हैं। यह एक तरह का गठजोड़ है कि मशीन बंद रहेगी तो पानी बिकेगा ही। संभव है मशीन बंद करवाने के लिए भी ऐसी कोशिशें हो रही हो।



### कई यात्री ट्रेनों से नाम पट्टिका नदारद

कटनी जंक्शन, कटनी-मुड़वारा स्टेशन से गुजरने वाली कई ट्रेनों में नाम की पट्टिका नदारद होने के कारण भी यात्री परेशान रहते हैं। मुड़वारा स्टेशन में गतदिवस प्लेटफार्म क्रमांक एक पर खड़ी यात्री ट्रेन में नाम की पट्टी नहीं थी। अमूमन इस प्लेटफार्म पर शनिवार को इसी समय शालिमार एक्सप्रेस खड़ी होती है और इस कारण कई यात्री धोखे से इस ट्रेन पर ही चढ़ गए।

# चौपाटी में 15 फुट ऊंचे रावण का दहन






## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशहरा महोत्सव, कोरोना संक्रमण के चलते रामलीला का मंचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं हुए

**कटनी।** बजरंग उत्सव समिति के नेतृत्व में दशहरा महोत्सव का पर्व रावण दहन के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक ताम्रकार ने बताया कि कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए इस भव्य कार्यक्रम को छोटे रूप में आयोजित किया जाना था, जिससे कटनी जिले की दशहरा महोत्सव की परंपरा बनी रहे और लोगों में इस तरह के कार्यक्रम को लेकर उत्साह बना रहे। रामचंद्र जी के रूप में मीत गुप्ता मंच में विराजमान थे, जिनके पूजन के पश्चात जय श्रीराम के उद्घोष के साथ रावण के पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक संजय जी, विधायक संदीप जायसवाल, निवर्तमान महापौर शशांक श्रीवास्तव, पीतांबर टोपनानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमित कनकने, आशीष गुप्ता, सूर्यकांत गौतम, दीपक टंडन, रवि खरे, अर्पित पोद्दार, शिल्पी सोनी, रीना ताम्रकार, आशीष सोनी, मिट्ठूलाल जैन, शरद अग्रवाल, आशीष कंदेले, अंबरीश वर्मा, अनिल साहू, अनिल सिंह भट्ठू, राजेश भास्कर, राजेंद्र जायसवाल, प्रेमलाल ताम्रकार, विष्णु साहू, श्री राम चौरसिया, संजय गुप्ता, संजय चौदहा, अभिषेक गुप्ता, दीपक बिचपुरिया, सुरेश साहू, वीरेंद्र ताम्रकार, प्रमोद केसरवानी, चंचल गुप्ता, विवेक ताम्रकार, अभिलेख ताम्रकार, अंकुश रैकवार, निखिल सित्रे, नितिन सित्रे, राहुल सुहाने, ओम दुबे, अनुराज रजक, दुर्गेश पटेरिया, भावेश रजक, आयुष पुरवार, नितिन रैकवार, निशू खटीक, हिमांशु मरेले, नीलेश मेहर, आशीष रैकवार, संदीप साहू, नीलेश गौतम, जयराम बजाज, सीताराम साहू, लक्ष्मी पुरवार, श्वेता गुप्ता, संगीता ताम्रकार, नीता मरेले, नैना ताम्रकार, श्रीमति ज्योति सुहाने, श्रीमति प्रियंका ताम्रकार, अनंत जार, गोल्डी खटीक, करण खटीक, रोमी सुहाने, अंतिम गुप्ता, सुनील डोडानी, सोहेल अली, राहुल केवट, सौरभ साहू, विक्की खटीक एवं प्रसाशनिक अधिकारी एवं पत्रकारजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर समिति के सदस्यों द्वारा धर्मप्रेमी जनता का आभार एवं नव रात्रि एवम दशहरा की शुभकामनायें प्रदान की गई।



## बच्चों ने जलाया बुराई के प्रतीक रावण का पुतला



**कटनी।** कोरोना संक्रमण को लेकर जारी गाइडलाइंस का पालन करते हुए शंभू टाकीज रोड, संतनगर में बच्चों ने कोरोना रूपी रावण का दहन किया। बताया जाता है कि यह रावण कोरोना को लेकर जनजागरण के लिए स्थानीय युवाओं ने बनाया था। जिसका दहन कल रात किया गया। रावण दहन के साथ ही कोरोना से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों की टोलियों ने गली-मुहल्लों में पूरे दिन पूर्व का पूरा आनंद लिया और बुराई के प्रतीक रावण का पुतला जलाया।

# विधायक बोल रहा हूं, पैसे भिजवा दो...!

**कटनी।** शहर विधायक संदीप जायसवाल के नाम से उनके परिचितों को फोन लगाकर पैसे मांगने का मामला सामने आया है। जिनके पास फोन गया उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह से मोबाइल नंबर 9038121777 से फोन लगाकर पैसे की मांग की जा रही है। कभी कहा जाता है कि विधायक संदीप जायसवाल बोल रहा हूं, पैसे की जरुरत थी इस नंबर पर यूपीआइ कर दो। ऑफिस से कर्मचारी भेजकर बाद में वापस करवा दूंगा। वहीं कुछ लोगों को विधायक का पीए बताकर पैसे की मांग की जा रही है।

**विधायक संदीप जायसवाल के नाम से फोन कर आठ से दस लोगों से मांगे पैसे, विधायक तक पहुंची बात तो थाने में दर्ज करवाई शिकायत**



विधायक संदीप जायसवाल ने बताया शनिवार दोपहर तक आठ से दस लोगों को फोन लगाकर पैसे की मांग की गई। इसकी जानकारी लगते ही कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। इसके अलावा सोशल मीडिया में मैसेज भेजकर ऐसे फोन आने पर पैसे नहीं देने की बात कही गई है। हालांकि अब तक किसी ने पैसे नहीं दिए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि विधायक की शिकायत पर जांच प्रारंभ कर दी है। संबंधित नंबर पर फोन लगाने पर रिसीव नहीं किया जा रहा है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आदर्श कॉलोनी में धू-धूकर जला रावण

### गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, एक से बढ़कर एक प्रस्तुति



**कटनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विजयादशमी पर्व के अवसर पर आदर्श कॉलोनी स्थित राजपूत हाउस में दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के प्रथम चरण में गरबा सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा एवं अन्य अतिथियों ने मां जगदम्बा के तैलचित्र पर माल्र्यापण करते हुए दीप प्रज्वलित किया। इसके उपरांत गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। रॉकिंग डांस क्लासेस के संचालक तरूण ठाकुर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं और महिलाओं ने गरबा का शानदार नृत्य किया। छोटे-छोटे बच्चों ने भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दूसरे चरण में रावण दहन किया गया। मर्यादा पुरषोत्तम प्रभु श्रीराम की आरती उतारकर पूजा अर्चना की गई। इसके उपरांत भगवान श्री राम के रूप में लक्ष्य राजपूत ने तीर चलाकर बुराई रूपी रावण का दहन किया। समारोह में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, श्रीमती गौरी विश्वकर्मा, कार्यक्रम के सूत्रधार डॉ सुरेन्द्र राजपूत, डॉ ज्योति राजपूत, शबा खान, तनवीर खान तन्नू, अरविंद जायसवाल, डॉ मनोज खरे, राजेन्द्र गुप्ता, आशीष रैकवार, अजय गौतम, दिनेश सोनी, राजेश यादव, सौरभ चौदहा, गुड्डा तिवारी, सत्यम मोदी, जूनी राजपूत, राजेश यादव, सुंदरम मोदी, लक्ष्य राजपूत, सविता सोनी, राजेन्द्र साहू, राजेन्द्र अग्रवाल, स्वेता जायसवाल, कमल बड़ेरिया, श्री नाथ गुप्ता, अनंत गुप्ता, मुकेश द्विवेदी, सत्येन्द्र चनपुरिया, आर के गुप्ता, सुरेश उसरेठे, नवनीत गुप्ता, कपिल सोनकर आदि की उपस्थिति रही।



### नीलिमा ❤ से

### इन्तहा-ए-जिंदगी

तू भी कमाल करती है ए जिंदगी
तेरे सितम पे फिर भी हमसे रोया नहीं गया

कितने इन्तहा और हैं जिंदगी तेरे दर्द के
एक कतरा मलाल का हमसे बोया नहीं गया

मुश्किलों से भरी हुई गहन काली रातें
पर आंसुओं के मोती को पिरोया नहीं गया

भीगा चेहरा छलकी-छलकी सी आंखें
पर उम्मीद और हौसला हमसे तोड़ा नहीं गया



कांटों से चुभते ज़ख्म दिये तूने कई गहरे
फिर भी मुस्कुराना हमसे छोड़ा नहीं गया

बिखर जाती है कितनी दफा-ए-जिंदगी
पर तुझे समेटना हमसे छोड़ा नहीं गया

उचटी-उचटी नींदें कुछ सफहे भीगे-भीगे से
जिंदगी तुझे लिखना हमसे छोड़ा नहीं गया

अभी तो बाकी होंगे जिंदगी तेरे कई इम्तहान
पर ना उम्मीदी का बीज़ हमसे बोया नहीं गया!!!

**- नीलिमा पाठक सामंतरे**

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 17 अक्टूबर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# असामान्य रूप से सस्ते लोन देने वाली गैर-वित्तीय संस्थाओं से रहें सावधान

**प्रामाणिकता की करें जांच, जमाकर्ताओं के लिये चलेगा अभियान**

**कटनी।** नागरिकों से असामान्य रूप से रिटर्न या सस्ते लोन देने वाली गैर-वित्तीय संस्थाओं के प्रति सावधान और सचेत रहने का आग्रह किया गया है। आम नागरिकों से ऐसी संस्थाओं के पंजीयन के प्रति जागरूक रहने एवं उनकी प्रामाणिकता के संबंध में पहले जाँच पड़ताल करने की अपील की गयी है। ऐसी संस्थाओं के जमाकर्ताओं के लिये जागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा। यह जानकारी गतदिवस मंत्रालय में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस की अध्यक्षता में गैर वित्तीय संस्थाओं के संबंध में राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में दी गई। बैठक में बताया गया कि गैर-वित्तीय संस्थाओं, कंपनियों के जमाकर्ताओं को संभावित आर्थिक धोखाधड़ी से बचाने के लिये जागरूकता अभियान शुरू किया जायेगा। जिला कलेक्टरों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि वे समय-समय पर ऐसी संस्थाओं में मध्यप्रदेश के जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण अधिनियम और अनियमित जमा प्रतिबंध अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। जमाकर्ताओं और आम जनता और सरकार के बीच परस्पर विश्वास बनाने रखने के लिये दोषी संस्थाओं पर सख्ती बरतते हुए कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा बैठक में अनियमित जमा प्रतिबंध अधिनियम 2019 पर संभाग स्तर पर प्रशिक्षण सत्र या संगोष्ठी आयोजित करने पर भी चर्चा हुई ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक हो सकें।

## मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने मनाया स्थापना दिवस



**कटनी।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ का 44वां स्थापना दिवस सिविल लाइन रेस्ट हाउस में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख उमेश तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री ओम प्रकाश सोनी, राजेन्द्र मिश्रा जिला संरक्षक, रजनीश विश्वकर्मा संभागीय कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। अतिथियों ने विधिवत भारत माता, भगवान विश्वकर्मा एवं दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन उपरांत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष एवं संचालन जिला कोषाध्यक्ष केपी मिश्र द्वारा तथा प्रस्तावना धीरेन्द्र सिंह जिला सचिव द्वारा रखी गयी। कार्यक्रम संपन्न पश्चात उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन अनिल मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने मप्र राज्य कर्मचारी संघ बीएमएस भारतीय मजदूर संघ का सहयोगी संगठन एवं राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ से संबद्ध संगठन होना बताया, जिसका उद्देश्य देश के हित में करेंगे काम और काम के लेंगे पूरे दाम के लिए हमेशा संघर्षरत रहने हेतु सक्रिय बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर, गुरुजी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी को उस समय कठिन परिस्थितियों में श्रमिकों की हितों की रक्षा हेतु कार्य करने को कहा गया और आज यह वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा संगठन है, जो संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले मजदूरों श्रमिको हितों की रक्षा हेतु 1955 में इसकी स्थापना मध्यप्रदेश के भोपाल में हुई।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में राजकुमार भाटिया, रामकिशोर दुबे जिला संरक्षक, उपाध्यक्ष राजू कोल, विभाष दुबे, रामेश्वर तिवारी, प्रदेश प्रतिनिधि, कटनी तहसील अध्यक्ष राकेश सिन्नरकर, विकासखण्ड कटनी अध्यक्ष बीडी तिवारी, ढीमरखेड़ा तहसील से पदाधिकारी पीताम्बर शुक्ला, राकेश दुबे, प्रदुम्न दुबे, संतोष पटेल तहसील अध्यक्ष रीठी, लाडले पटेल विकासखंड रीठी अध्यक्ष, देवेंद्र राय, प्रवीण पांडेय, देवेंद्र राय, अंजनी गौतम तहसील विजयराघवगढ़ अध्यक्ष, प्रमोद मिश्र कोषाध्यक्ष, बहोरीबंद तहसील अध्यक्ष सुनील हल्दकार, दुर्गा पटेल, वाहन चालक संघ अध्यक्ष, एपी श्रीवास्तव बरही तहसील पेंशनर अध्यक्ष, प्रशांत चंपुरिया वरिष्ठ सदस्य, दिनेश विश्वकर्मा, नगरीय प्रकोष्ठ प्रमुख, केसीकछवाह, शेषनाथ पाल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी प्रकोष्ठ प्रमुख, रजनीश दुबे चतुर्थ श्रेणी प्रकोष्ठ प्रमुख, डीपी सिंह, प्रकाश हल्दकार, एसएस बघेल, अशोक इन्दोरिया, लक्ष्मीकांत पाठक, जी केशुक्ला, बीपीमिश्रा, सौरभ, आरएल तिवारी, संजय द्विवेदी,अंगद तिवारी आदि उपस्थित रहे।



## कटनी ब्लड डोनर्स एंड वेलफेयर सोसायटी ने किया फल वितरण

**कटनी।** नवरात्रि के इस पावन पर्व पर कल शाम कटनी ब्लड डोनर्स एंड वेलफेयर सोसाइटी की महिला विंग द्वारा जिला चिकित्सालय में फलों का वितरण किया गया। महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती श्रेहा रौनक खण्डेलवाल ने बताया कि कटनी ब्लड डोनर संस्था न सिर्फ रक्त की पूर्ति एवं रक्तदान के लिए जागरूक करती है, बल्कि लगातार अनेक प्रकार के समाजसेवा के कार्य में अपनी सहभागिता दे रही है। इस समिति में सभी महिलाएं मिलकर विभिन्न प्रकार से समाजसेवा का कार्य करती है। सिर्फ मानव सेवा ही नही बल्कि पशु सेवा में भी इस समिति का बहुत बड़ा योगदान है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती हंसा खण्डेलवाल, मंजू शर्मा, अनुजा दुबे, शिल्पा गुमास्ता, साक्षी, श्वेता कटारे, आरती श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति रही।

## श्रद्धा नाहर बनी सीएसआई



**कटनी।** श्रद्धा नाहर बनी सीएसआई सीएसआई ने अगस्त 2021 के परिणाम घोषित किया उसमें नगर की श्रद्धा नाहर द्वारा सफलता हासिल कर सीएस बनने का गौरव प्राप्त किया श्रद्धा नाहर राजेंद्र कुमार नाहर श्रीमती सीमा नाहर की सुपुत्री है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर गुरु और बड़ों के आशीर्वाद को बताया श्रद्धा नाहर बाडस्ले इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा है। पूर्व में उन्हें हेड गर्ल और मिस बास्डले बनने का गौरव भी प्राप्त हुआ था साथी उन्होंने कहा कि अगर कुछ करने की ठान ली जाए और लगातार हार्ड वर्क किया जाए तो हम जो चाहे वह हासिल कर सकते हैं।

## लाड़ली लक्ष्मी उत्सव, बालिकाओं के बैंक खाते में जमा हुई राशि

**जिला, विकासखण्ड एवं आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर मुख्यमंत्री का सुना गया संबोधन**



**कटनी।** महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल द्वारा 14 अक्टूबर को लाडली उत्सव का आयोजन प्रदेश स्तर से किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा भोपाल से वेब प्रसारण के माध्यम से प्रदेश की लाडली लक्ष्मी बालिकाओं को संबोधित किया गया। इसी तारतम्य में कटनी जिले में जिला स्तर पर एनआईसी एवं सभा कक्ष कलेक्ट्रेट परिसर में, समस्त परियोजना मुख्यालय में एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में वीडियों कांफ्रेंस, कम्प्यूटर, लेपटाप, टीवी, मोबाइल के माध्यम से उक्त कार्यक्रम का प्रसारण देखा गया।

जिला स्तर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, सहायक संचालक वनश्री कुर्वेती एवं परियोजना स्तर पर समस्त परियोजना अधिकारी सम्मिलित रहे। ग्राम एवं आंगनबाड़ी स्तर पर भी कार्यक्रम का प्रसारण विभिन्न माध्यम से देखा गया, जिसमें लाड़ली लक्ष्मी बालिकाएं, मातृ सहयोगिनी समिति के सदस्य, शौर्या दल के सदस्य, स्व सहायता समुह के सदस्य सम्मिलित रहे। जिले के 72354 लाडली लक्ष्मी बालिका एवं उनके अभिभावक, 171200 मातृ सहयोगिनी के सदस्य एवं 171200 शौर्या दल के सदस्य भी कार्यक्रम में सम्मलित हुए। कार्यक्रम के दौरान 252 शेष बालिकाओं को 6000 के मान से छात्रवृत्ति की राशि उनके खाते में जमा कराई गई एवं 362 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी का प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। सभी बालिकाओं को मुख्यमंत्री का संदेश पत्र भी वितरित किया गया।



## स्कूल से गायब मिले 15 लोकसेवक

**कटनी।**

जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह ने बहोरीबंद विकासखण्ड के अंतर्गत एएल राय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बचैया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआं में पदस्थ 15 लोक सेवकों को एक दिन के लिए अवैतनिक करते हुये कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। 13 अक्टूबर बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दोनों ही शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पदस्थ संबंधित सभी 15 लोक सेवक बिना किसी सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित पाये गये था। जिस पर संबंधितों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुये एक दिन का अवैतनिक करने की कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी श्री सिंह द्वारा की गई है। शोकॉज में कहा गया है कि उपस्थिति पंजी के आधार पर उक्त अनुपस्थित दिवस को अनाधिकृत मानते हुये अवैतनिक किया गया है। निर्देशित किया जाता है कि उक्त संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण तीन दिवस के समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाये जाने पर उक्त दिवस को वैतनिक किये जाने पर विचार किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि गत दिवस 13 अक्टूबर को ए.एल.राय शासकीय उ.मा.विद्यालय में पदस्थ शिक्षक मुकेश कुमार राय, शिक्षक नवनीत तिवारी, ग्रंथपाल रमेश पाण्डेय, लेखापाल राम सुजान पटेल, माध्यमिक शिक्षक राम कुमार पटैल, माध्यमिक शिक्षक रोहित बड़गैयां, प्राथमिक शिक्षक सविता बैरागी, भृत्य संतोष कुमार भुमिया, प्राथमिक शिक्षक सचिन कुमार राय, प्राथमिक शिक्षक हेमलता पटेल, प्राथमिक शिक्षक योगेश पाण्डेय, प्राथमिक शिक्षक साजिदा बेगम, संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3 वर्षा ठाकुर विद्यालय से अनुपस्थित पाये गये थे। साथ ही शासकीय उ.मा. विद्यालय कुआं में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक बालकिशन पटेल और भृत्य रवि बर्मन भी बिना सूचना विद्यालय से अनुपस्थित मिले। जिस पर शोकॉज और एक दिन का अवैतनिक करने की कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई है।

**जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया शोकॉज, एक दिन का कटेगा वेतन**



## अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**कटनी।** संभागीय क्रिकेट संघ जबलपुर के तत्वावधान में बालक अंडर 18 आयु वर्ग के लिए अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जबलपुर में 18 अक्टूबर से किया जाना है इसके लिए ज़िला क्रिकेट संघ कटनी के द्वारा एक चयन शिविर का आयोजन फारेस्टर प्ले ग्राउंड में 3 अक्टूबर में किया गया जिसमें लगभग 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया उसमे से 22 खिलाड़ियों का चयन कर उनके मध्य मैच आयोजित किया गये। अंतिम ट्रॉयल मैच के बाद अंडर 18 टीम की घोषणा की गई टीम में गड्डानी कप्तान सचिन यादव उपकप्तान हर्ष मंगलानी, अदित्य बेन बड़वारा, आदित्य भारती, आनफास, सचिन कुमार, दर्शन शर्मा, रियांश नेमा, आशुतोष दुबे, सुजल खरे, ऋषभ मिश्रा, ओम तिवारी, अभिनव दुबे सुमित सिंह एवं राजा खान कोच स्टेण्ड बाय दिवाकर, मुद्दसिर, रामानुज, सनी। टीम का पहला मैच सिवनी के साथ 18 एवं 19 अक्टूबर के साथ होगा।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक

Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में
नि:शुल्क BMD शिविर
सोमवार, 25 अक्टूबर 2021
समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक
डॉ. पंकज गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन
चुस्त दुरुस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां । यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -
1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?
सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए नि:शुल्क है।
नि:शुल्क अस्थि जाँच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।
अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जबाव हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है । आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है । नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रैक्चर हो जाती हैं । 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से राजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन - 07622-405070, 405071



# दूसरे साल भी फीका गुजर गया कैमोर का दशहरा

## रोज़गार मिला ना व्यापार, मनोरंजन की भी अधूरी रही प्यास

**कैमोर।** लगातार दूसरे साल भी कैमोर में दशहरा पर्व बिना रामलीला मंचन और बिना पुतला दहन के सादगी के साथ गया। दशहरे पर होने वाली वह चहल पहल, सड़कों पर लोगों की बेतहाशा भीड़ और रामलीला मैदान में अट्टहास करता शतकीय ऊंचाइयों वाला रावण का विशाल पुतला कहीं नजर ही नहीं आया। दशहरे के यह फीका आयोजन जहां स्थानीय व्यापारियों के चेहरे पर मायूसी छोड़ गया है। वहीं नागरिकों को दशहरे के अवसर पर होने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आनंद से भी वंचित कर गया है। नवरात्र पर जगह-जगह दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना और दुर्गा पंडालों में आयोजित होने वाले गरबा से पर्व का आभास तो होता रहा पर वह बात कहीं नज़र नहीं आई जो दो साल पहले तक कैमोर के दशहरे में लोगो को देखने मिलती थी।

देश और प्रदेश में पिछले दो सालों से कोरोना महामारी की लहर है हालांकि जून-जुलाई के बाद से यह लहर काफी धीमी हो गई है पर पूरी तरह समाप्त नहीं हुई। इसी कारण अभी भी बहुत ज्यादा भीड़भाड़ वाले आयोजनों पर शासन की ओर से रोक लगी है। सभी उत्सव एवं आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ही किये जा रहे। कैमोर का दशहरा तो एक ऐसा आयोजन होता था जिसमें हजारों की भीड़ होती थी। ऐसे में इस साल भी यहां दशहरा पर न तो रामलीला मंचन की अनुमति मिली ना ही रावण के पुतला दहन की। केवल नवरात्र पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने और पूजा-अर्चना की अनुमति ही प्रशासन से मिल पाई थी। इसीलिए दशहरा उत्सव कमेटी द्वारा बैठकी के दिन रामलीला मैदान में स्थित स्थायी दुर्गा मंडप में जगत जननी की भव्य प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी। सुबह शाम पूजन और आरती होती रही। शाम को महाआरती के बाद गरबा होता रहा। यह सिलसिला पूरे नौ दिन चला। लोग मातारानी के दर्शन करने रामलीला मैदान आते रहे पर वह आकर्षण कहीं नहीं रहा जो लोगों को तीन- चार घन्टे तक मैदान में बांधे रहता था। कैमोर का दशहरा अपने अनूठे आयोजन के लिए पूरे देश भर में विख्यात है। रावण का दस सिरों वाला जितना विशाल पुतला कैमोर के एसीसी रामलीला मैदान में तैयार किया जाता था वैसा और उतना विशाल पुतला देश में और कहीं नहीं बनता। इस पुतले का निर्माण दशहरे के तीन महीने पहले से ही शुरू हो जाता था। पुतला निर्माण में आस- पास के दर्ज़नों श्रमिकों को रोज़गार मिलता था। पुतले का विशाल ढांचा मोटे मोटे बांस और बल्लियों के सहारे बन कर खड़ा होता था बाद में जुट के बोरों में रंग पेंट करके रावण की वेशभूषा तैयार होती थी। लगभग सौ फुट की ऊंचाई के इस पुतले को एसीसी की भारी भरकम क्रेनों के माध्यम से खड़ा किया जाता था। दो साल से पुतला नहीं बन रहा इस कारण पुतला तैयार करने वाले कारीगर श्रमिकों को रोज़गार भी नही मिल रहा। कैमोर में नवरात्र शुरू होने के एक हफ्ते पहले से ही रामलीला का मंचन शुरू हो जाता था। विशाल रामलीला मैदान को आकर्षक रोशनियों से सजा दिया जाता था। मैदान के भीतर और बाहर दो सैकड़ा से भी अधिक दुकानें लग जाती थीं। स्थानीय दुकानदारों के अलावा दूसरे जिलों और प्रदेशो से भी व्यापारी अपना समान लेकर यहां आते थे। तरह तरह की क्रॉकरी, परदे, कालीन, मूर्तियां, सौंदर्य सामग्री एवम घरेलू उपयोग की तरह तरह की वस्तुओं की दुकानें यहां होती थी। इडली डोसा से लेकर चाट मसाला, बंगाली मिठाईयां, आइसक्रीम और चाइनीज फूड्स के स्टाल भी लगते थे। मैदान के बाहर बड़े बड़े झूले, मौत का कुआं, सर्कस, नाटक सहित मनोरंजन के जाने कितने आइटम होते थे। रोज शाम रामलीला मैदान में आने वाले हजारों दर्शक इन व्यंजनों का आनंद उठाते थे। बच्चों और युवाओं की भीड़ झूलों के आसपास मंडराती रहती थी। लाखों का व्यापार होता था। दशहरे के दिन का नज़ारा तो कुछ और ही होता था। 60 से 70 हज़ार लोगों की मौजूदगी में अतिशबाजी और पुतला दहन का कार्यक्रम होता था। दशहरे के दिन व्यापारियों की अच्छी खासी कमाई हो जाती थी। इस बार बाहरी दुकानदार तो दूर स्थानीय व्यापारियों की दुकानें भी नहीं लगी। सबका धंधा मंदा ही रहा। दशहरे के दूसरे दिन से ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो जाता था। किसी दिन बाहर से आये आर्केस्ट्रा के कलाकार गीत संगीत की प्रस्तुति देते थे तो किसी दिन देश के विख्यात कवियों का कविता पाठ होता था। कव्वाली और पारंपरिक नृत्यों के कर्यक्रम भी होते थे। लगातार चार पांच दिन ये अलग अलग कार्यक्रम चलते रहते थे जिनसे लोगों का भरपूर मनोरंजन होता था। दो साल से ये सांस्कृतिक कार्यक्रम भी नहीं हो रहे। लगातार दो साल दशहरे के फीके आयोजन से लोगों को उदासी और मायूसी ही हाथ लगी है।

# नवरात्र पर हर दिन रही गरबा की धूम







**कैमोर।** कैमोर नगर में नवरात्र पर्व पर इस बार दुर्गा पंडालों में गरबा की खूब धूम रही। एवरेस्ट क्लब परिसर में पुलिस और टेंट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गरबा जनाकर्षण का केंद्र रहा तो वहीं मुरलीधर मंदिर परिसर में गुजराती समाज द्वारा आयोजित पारंपरिक गरबा को भी खूब सराहना मिली।

एसीसी रामलीला मैदान और खलवारा बाज़ार में भी नवरात्र पर गरबा का आयोजन होता रहा। गरबा को लेकर बच्चों और युवाओं में काफ़ी उत्साह देखा गया। गरबा के रंग बिरंगे परिधान में सजे बच्चेए युवा और महिलाएं घरों से डांडिया लेकर शाम को ही दुर्गा पंडालों के सामने पहुंच जाती थीं। मातारानी की महाआरती और भजनों की सुमधुर प्रस्तुति के बाद गरबा शुरू हो जाता था।

कोरोना प्रोटोकॉल के तहत इस बार भी प्रशासन की ओर से रामलीला मंचन की अनुमति नहीं मिली। रावण के विशाल पुतला दहन पर भी रोक रही जिसके चलते पुतले का निर्माण नहीं कराया गया। प्रशासन से निर्धारित स्थलों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना और पूजा अर्चना की स्वीकृति प्राप्त थी इसीलिए कैमोर में अमरैय्यापर से लेकर तिलक चौक तक जगह जगह नवरात के पहले दिन ही पूरे विधि विधान से प्रतिमाओं की स्थापना कर ली गई थी। रामलीला मंचन की कमी गरबा से पूरी की गई। पूरे नौ दिन सभी जगह गरबा चलता रहा। एवरेस्ट क्लब और मुरलीधर मंदिर के गरबा को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

# दुर्गा समिति व पतंजलि युवा भारत संगठन के सदस्यों का हुआ सम्मान

**कटनी।** नवरात्र पर सत्यम, शिवम, सुंदरम समिति व ब्रम्हाकुमारी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में समिति सदस्यों व पतंजलि युवा भारत संगठन के सभी सदस्यों का सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त योगा स्पोर्ट्स एसोसियेशन अध्यक्ष पंकज शर्मा का विशेष सम्मान, ब्रम्हा कुमारी संस्था प्रमुख लक्ष्मी बहन के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रम्हा कुमारी प्रमुख लक्ष्मी दीदी व समस्त ब्रम्हा कुमारी संगठन व पतंजलि परिवार प्रमुख युवा भारत राज्यसह प्रभारी लखन साहू, वरिष्ठ समाजसेवी अखिल पाण्डे, दुर्गा समिति प्रमुख तनुज ग्रोवर, प्रियांशु गुप्ता, व अन्य सदस्य उपस्थित थे। युवा भारत के विशेष आग्रह पर महामंत्री आशीष जलोन्हा कन्हवारा से व मुड़वारा तहसील प्रभारी अभय पांडे डिठवारा संजय त्रिपाठी गणेश श्रीवास कोमल उपस्थित हुये। दीदीजी के माध्यम से लखन, अखिल पाण्डे, आशीष जलोन्हा, अनीश गर्ग, अभय पाण्डे, प्रियांशु गुप्ता, रक्तदान प्रभारी विवेक तिवारी, आमीन, संजीव पटेल चिकित्सकिय प्रतिनिधि आकाश सोनी, अमन नायक आदि सदस्यों का सम्मान कराया गया। कार्यक्रम की रूप रेखा व समस्त तैयारी रानी गुप्ता, लक्ष्मी दीदी, तनुज ग्रोवर, प्रियांशु गुप्ता व समस्त समिति सदस्यों के माध्यम से हुई।





# सायना में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों नें किया डांडिया रास



**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। स्कूल चाहता है कि सायना के बच्चे संस्कारवान हो, अपनी परम्पराओं स जुड़े रहे और अपने तीज त्योहारों को भी मनाएँ। इस कड़ी में सायना में परिसर में स्थित खेर माता का पूजन किया तदोपरांत कन्या भोजन का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी नेबढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।दुर्गाष्टमी के अवसर पर कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने डांडिया नृत्य से सभी का मन मोह लिया। दशहरा की शाम कुप्रवृत्तियों के प्रतीक रावण का पुतला दहन कर राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की मनोरम झाँकी प्रस्तुत की गई। जिसमें कक्षा 11 वीं के छात्र मानव शर्मा ने राम का, कक्षा 8वीं के छात्र राजदीप ने लक्ष्मण का, कक्षा 10वीं के छात्रमनी यादव ने हनुमान का और कक्षा 10वीं की छात्रा सृष्टि त्रिपाठी ने सीता का वेष धारण कर वातावरण को धर्ममय बना दिया। बच्चों के बीच राम, लक्ष्मण और हनुमान के आते ही जय श्रीराम के उद्धोष से पूरा परिसर गूँज उठा। दिनेश शर्मासर और हर्ष मोंगा की ढोलक की थाप के साथ राजीव गौतम, संस्कार त्रिपाठी और दीपक पटेल ने रामभजन गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, श्रीमती भारती शर्मा, समन्वयक डॉ लोकेश दुबे वंरीत मोंगा ने आचार्य दिलीप कुमार झा के मार्गदर्शन में झांकी पूजन किया। कार्यक्रम में बच्चों को दशहरा मनाने व रावण दहन की प्रथा पर प्रकाश डालते हुए श्रीमती राजेश्वरी खरे वंदेव चंदमिश्रा ने संबोधित किया। सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति के अंदर कोई न कोई कमी होती है। हम बुरे आचरण भी अपना लेते हैं लेकिन हम प्रतिवर्ष दशहरा के अवसर पर एक बुरे आचरण का त्याग करें तो वह सही मायने में रावण दहन है। भगवान श्रीराम-लक्ष्मण-जानकी की झाँकी की आरती प्राचार्य डॉ.शर्मा, सायना किड्स की प्रभारी व महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती भारती शर्मा, समन्वयक, शिक्षकों एवं बच्चों ने की। राम द्वारा प्रतीकात्मक बाण चला कर रावण के पुतले का दहन किया गया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## रामायण के पात्र हमें देते हैं आदर्श जीवन की शिक्षा- डॉ. निधि पाठक

इस अवसर पर सायना की चेयरपर्सन डॉ.निधि पाठक ने भी सभी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि रामायण के पात्र हमें आदर्श जीवन की सीख देते हैं। माता सीता ने चरित्र निर्माण एवं पतिव्रत धर्म का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है वह समाज के लिए अनुकरणीय है। यदि हमने अपने चरित्र को मजबूत रखा तो जीवन की कठिनाइयों से उबरकर आगे बढ़ सकतेहैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अनुमहेश्वरी एवं डीसी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम प्रभारी दिलीप कुमार झा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए इस उत्सव का आभार प्रदर्शन हैडबॉय भरत सिंह ने किया।

## चल समारोह में 12 प्रतिमाएं रहीं शामिल

# उमरियापान में धूमधाम से मनाया दशहरा



**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान में शनिवार को दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नगर में विराजीं 12 प्रतिमाओं का चल समारोह शाम 6 बजे से प्रारंभ हुआ जो नगर भ्रमण करते हुए विभिन्न विसर्जन घाटों में पहुंचकर माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जित किया गया। सबसे पहले नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक की सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति का जुलूस आतिशबाजी के साथ प्रारंभ हुआ। जुलूस डीजे, ढोल, नगाड़ों के साथ आगे बढ़ा। बड़ी माई दुर्गा उत्सव समिति की प्रतिमाए कटरा बाजार सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति की प्रतिमा, न्यू बस स्टैंड दुर्गा उत्सव समिति की प्रतिमा, चंडी माता की महाकाली की प्रतिमा, नई बस्ती दुर्गा उत्सव समिति की प्रतिमा, अंधेलीबाग दुर्गा उत्सव समिति की प्रतिमा, बरातरे दुर्गा उत्सव समिति की प्रतिमा, बर्मन मोहल्ला चंडी माता दुर्गा उत्सव समिति की प्रतिमा सहित अन्य प्रतिमाएं बारी बारी से कतार में लगती चली गईं। दशहरा का चल समारोह नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक से प्रारंभ हुआ जो संयासी महाराज, लाली की चक्की, अथैया मंदिर, सोनी मोहल्ला, कटरा बाजार, न्यू बस स्टैंड से पुनः झंडा चौक होते हुए ढीमरखेड़ा रोड़ पुलिया तालाब सहित अन्य तालाब पहुंचा। जहां पूजा अर्चना कर विधि विधान से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने जगत जननी से सकुशल बनाए रखने की कामना की। विसर्जन घाटों सहित पूरे नगर में जय दुर्गे के जयकारे जमकर गूंगे। नगर में विराजीं प्रतिमाओं का विसर्जन रात्रि 11 बजे तक चलता रहा। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा सहित पूरा पुलिस स्टाफ मुस्तैद रहा है। इस अवसर पर सुखदेव चौरसिया, वंशरूप चौरसिया, किशोरी लाल चौरसिया, रामानंद चौरसिया, सुख्खड़ए नरेंद्र, राकिट, दैया, मंकू चौरसिया, संजू, राजेश, बुटानी, गगन चौरसिया, राहुल, अतुल, मनीष, धन्नू, टीटी, के के चौरसिया, सोनू, शिवम, राज, अंकित, सत्यम चौरसिया, ज्ञानेंद्र श्रीवास सहित अन्य श्रद्धालू शामिल रहे हैं।


## सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, एक्शन पैकिज, फुल एंटरटेनमेंट





रोजाना 4 शो
ता. 14 से
दोपहर
12.30,
3.30,6 एवं
8.30 बजे से

VENOM (हिन्दी में)

(LET THERE BE CARNAGE)

कलाकार- जेनी स्लेट, वुडी हैरेलसन, सोप अलुको, स्कॉट डेकर्ट, मार्सेला ब्रागियो आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

# दूसरे दिन भी जय दुर्गे-जय काली का जयघोष

## गाटरघाट में बनाए गए कुंड सहित अन्य घाटों पर देर रात तक दुर्गा प्रतिमाओं का श्रद्धा के साथ विसर्जन





**कटनी।** शहर और आसपास के क्षेत्रों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का कल शनिवार को कटनी नदी के गाटरघाट सहित अन्य नदी घाटों पर अपार श्रद्धाभक्ति और धूमधाम के साथ विसर्जन किया गया। दोपहर बाद से शुरू हुआ विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। आखिरी प्रतिमा रात करीब एक बजे विसर्जित की गई। सबसे ज्यादा दुर्गा प्रतिमाएं कटनी नदी के गाटरघाट में बनाए गए कुंड में विसर्जित की गई। यहां क्रेन का भी इंतजाम किया गया था, जिससे बड़ी प्रतिमाओं को सीधे कुण्ड में ले जाकर विसर्जन किया गया। इस दौरान चहुंओर जय दुर्गे-जय काली की गूंज सुनाई दे रही थी। ढोल नगाड़े की थाप और बैण्ड बाजों की करतल ध्वनि के बीच दुर्गा उत्सव समिति के कार्यकर्ता झूमते रहे। कोरोना संक्रमण के चलते पिछले साल की तरह इस साल भी दशहरा चल समारोह का आयोजन नहीं किया गया, इसके बावजूद



कल दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान एक बारगी ऐसा लगा, जैसे चल समारोह निकल रहा हो। झंडा बाजार से लेकर आजाद चौक के बीच ऐसा ही नजारा देखने को मिला। एक साथ कई प्रतिमाएं विसर्जन के लिए निकल रही थीं। दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शनार्थ सड़कों पर श्रद्धालुओं की भीड़ भी नजर आई। इसके पहले शनिवार को शहर में जगह-जगह विराजीं मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते हुए पूर्णाहूति हवन, महाआरती एवं कन्या भोजन के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके उपरांत विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कटनी नदी के गाटरघाट में कुंड बनाया गया था। यहां व्यवस्थाओं के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया। कई प्रतिमाएं ऐसी रहीं, जिन्हें क्रेन पर रखकर कुंड में विसर्जन किया गया। इसके अलावा आज भी कई स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं रखी हुई हैं, जिनका विसर्जन आज किया जाएगा।

### व्यवस्थाओं में अधिकारी कर्मचारी रहे तैनात

कटनी नदी के गाटरघाट में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम एवं विद्युत मंडल द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। इस दौरान अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो एसडीएम बलवीर रमन ने यहां पहुंचकर की गई व्यवस्थाओं की मॉनीटरिंग की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। यहां तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, सीएसपी शशिकांत शुक्ला, नायब तहसीलदार रविन्द्र पटेल, कोतवाली टीआई अजय सिंह, एसआई अनिल यादव, पटवारी राजकुमार गौतम, विनीत सिंह बघेल, नितिन सोनी सहित अन्य कर्मचारियों ने पूरे समय उपस्थित रहकर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्वक संपन्न करवाया।

### माधवनगर में आज जलेगा रावण

उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में आज विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर माधवनगर रामलीला दशहरा उत्सव कमेटी के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम बेलानी एवं जुलूस प्रभारी बंटू रोहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि रामलीला मैदान में मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना एवं आरती के उपरांत असत्य पर सत्य की जीत के इस महापर्व पर रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके उपरांत माधवनगर में करीब एक सैकड़ा से अधिक स्थानों पर विराजीं मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

# गर्ग चौराहा और सुभाष चौक में डीजे जब्त करने पर विवाद

## पुलिस के खिलाफ नारेबाजी, सड़क पर बैठ गए दुर्गोत्सव समिति के पदाधिकारी

**कटनी।** दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कल रात गर्ग चौराहा और सुभाष चौक में पुलिस द्वारा डीजे जब्त करने को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। दुर्गोत्सव समितियों के पदाधिकारियों और पुलिस के बीच पहले तो जमकर बहस हुई और इसके बाद दुर्गोत्सव समितियों के पदाधिकरियों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए दुर्गा प्रतिमा को खड़ा कर सड़क पर बैठ गए। इसकी सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। बताया जाता है कि कल शनिवार की रात गर्ग चौराहा और सुभाष चौक में विराजीं मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था। समिति के लोग डीजे की धुन में जमकर थिरक रहे थे, इसी बीच 2 से अधिक साउंड की खबर पुलिस को लगी तो सीएसपी शशिकांत शुक्ला, टीआई अजय सिंह आदि वहां पहुंच गए तथा डीजे जप्त कर लिया। इस बात पर दुर्गा समिति के लोग भड़क गए। देर तक यहां हुज्जत चलती रही। दुर्गा समिति के लोगों का कहना था कि डीजे अत्यंत धीमी आवाज में बज रहा था, लिहाजा पुलिस ने बेवजह इसे जप्त किया, जबकि पुलिस का कहना था कि रात 10 बजे तक 2 साउंड बॉक्स की अनुमति दी गई थी, जबकि यहां 2 से अधिक साउंड बज रहे थे। बहरहाल यहां भारी पुलिस बल पहुंच चुका था। समिति के लोग दुर्गा प्रतिमा आगे नहीं बढ़ाने पर अड़े थे। जानकारी लगने पर यहां जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर मामले को शांत कराया।






## पगड़ी रस्म

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
**श्रीमती पदमा देवी हसीजा**
धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री वरियलदास हसीजा
का निधन दिनांक 15.10.2021 दिन शुक्रवार को हो गया है, जिनकी पगड़ी रस्म दिनांक 18.10.2021 दिन सोमवार को स्थान सिंधु भवन कैरनलाइन माधवनगर में सायं 4.30 से 5 बजे होगी।
**नोट-** महिलाओं की बैठक व्यवस्था भी सिंधु भवन में की गई है।
**शोकाकुल-** अशोक, प्रकाश, सुनील हसीजा (पुत्र) कमल, हर्ष, ओम (पौत्र) एवं समस्त हसीजा परिवार, सिंधु नौजवान मंडल
फर्म:- साईं कृपा ट्रांसपोर्ट
अशोक मो. 9644063050, 9993529786, 9425840008


# जिलाबदर की कार्रवाई के बाद कुख्यात को सतना तक छोड़कर आई पुलिस



### हत्या का प्रयास, हथियार रखना व कब्जा करने सहित कई अपराध हैं दर्ज

**कटनी।** शहर के कुख्यात, गुंडा बदमाश पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। हाल ही में बरगवां में आशीष नगरिया की दुकान पर तीन लोगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा किया गया था। इसमें सचिन यादव की मुख्य भूमिका रही। इस पर पुलिस-प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कब्जा हटाया और नगरिया को कब्जा सौंपा। इसके बाद भी बदमाश ने दुस्साहस किया और फिर से दुकान में बैल्डिंग करा दी गई। इस पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। इस तरह से गुंडई करने पर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने आरोपी के खिलाफकड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि कुख्यात आरोपी सचिन यादव के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है। आरोपी पर 15 से अधिक मामले दर्ज हैं। इसके खिलाफ चोरी, हत्या का प्रयास, जुआ, आर्म्स एक्ट, मारपीट, जान से मारने की धमकी, अवैध कब्जा करना सहित अन्य अपराध दर्ज हैं। थाना प्रभारी के मुताबिक मदन मोहन चौबे वार्ड निवासी 34 वर्षीय सचिन यादव के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई। जिसके बाद पुलिस आरोपी को सतना तक छोड़कर आई है।

### इनका कहना है

अवैध कारोबार में संलिप्त व गुंडई करने वाले बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सचिन यादव के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है। किसी भी हाल में बदमाशों को छोड़ा नहीं जाएगा।

**- सुनील कुमार जैन,**
पुलिस अधीक्षक।

## स्वामी इन्दिरा रमण स्वामीजी का आगमन आज


**कटनी।** अनंत श्री विभूषित इंदिरा रमण स्वामी जी महाराज मठाधिपति श्री जीयर स्वामी मठ जगन्नाथ धाम पुरी नैमिषारण्य का आज 17 अक्टूबर को चित्रकूट एक्सप्रेस से आगमन हो रहा है। इस अवसर पर गरुध्वज वैदिक शिक्षा समिति समिति के अध्यक्ष रमेश शुक्ला, सचिव रामाधार गौतम, राजेंद्र गर्ग, संपत गट्टानी, के एल श्रीवास्तव, मुकेश तिवारी, पंकज गौतम मुख्य रेलवे स्टेशन कटनी में अगवानी करेंगे। तत्पश्चात सुधार न्यास कॉलोनी स्थित रामाधार गौतम के निवास पर 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक प्रवास पर रहेंगे, इसके बाद स्वामी जी रंगनाथ मंदिर रंगनाथ नगर जाएंगे स्वामी जी के आगामी कार्यक्रम 20 अक्टूबर से छपरवाह स्थित श्री रमेश शुक्ला जी के परिवार में भागवत कथा का वाचन करेंगे।




पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009



सिर्फ नाम ही काफी है.....
**कजारिया**
भारत की नंबर 1 टाइल्स कंपनी
पता- कजारिया टाइल्स शोरूम एल.आई.सी. के सामने सेल्फी पॉइंट के पास बरगवां, कटनी मो. 9755044511
सिटी आफिस- जनता ट्रेडर्स सुभाष चौक जयदयाल रोड कटनी
मो. 9893562711 फोन नं. 07622- 356475




**समर्थ**
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान



पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी
मो. 9425153498, 7067666668

**रत्ना मैरिज गार्डन**
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा




अधिकृत विक्रेता- ओम ऑटोमोबाइल्स
जबलपुर रोड, बरगवां कटनी, फोन-07622-220527
त्यौहारों के इस मौसम में अनेक आकर्षक रंगों में उपलब्ध






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)